ग्राम सांकरौद खादर तहसील खेकड़ा जनपद बागपत के खसरा संख्या 620नि, 634मि0 क्षेत्रफल 19.2.00बी0 का पाँच वर्षीय खनन पट्टा विलेख का निष्पादन दिनांक 16.05.2018 को किया गया है। सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या 1078/एस0एम0/2020 दिनांक 04.12.2020 के द्वारा खनन पट्टा क्षेत्र सांकरौद की वर्तमान किश्तों को जमा कराते हुए खनन संक्रियाएं तत्काल शुरू कराने का निर्देश दिया गया है तथा शासन के पत्र संख्या 30/86-2021-57(रा0)/2020 दिनांक 13.01.2021 द्वारा इस कार्यालय पत्र संख्या 760/ख0लि0 दिनांक 21.12.2020 पर शासन द्वारा निर्णय लेते हुए ओ0ए0 सेख्या 401/2018 प्रवीण व अन्य बनाम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार व अन्य में मा0 एन0जी0टी0 द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.07.2018 से खनन संक्रिया प्रतिबन्धित रहने की अवधि दिनांक 18.07.2018 से दिनांक 30.11.2020 (02 वर्ष 04 माह 12 दिन) तक के समतुल्य किश्त देयता उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम 41 ज के अन्तर्गत माफ किया गया है। आपके द्वारा माह दिसम्बर 2020 की रायल्टी अंकन 1,22,56,662/- तथा माह जनवरी 2021 की रायल्टी अंकन 1,22,56,662/- ऑनलाईन जमा करा दी गयी है। जिलाधिकारी बागपत के द्वारा भुगतान की गयी रायल्टी के सापेक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन व टी0सी0एस0 की धनराशि को जमा कराने हेतु एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए पट्टा संचालन की अनुमति दिये जाने का अनुमोदन दिनांक 13.01.2021 को किया गया है।

अतः जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित आदेश निर्गत किया जाता है तथा आपको आदेशित किया जाता है कि वर्तमान तक भुगतान की गयी रायल्टी के सापेक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन की धनराशि 45,58,270 व टी0सी0एस0 की धनराशि अंकन 9,11,660/- को एक सप्ताह में जमा कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त खनन संक्रियायें करते समय पंजीकृत पट्टा विलेख की शर्तों, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाणपत्र में इंगित शर्तों तथा उ0प्र0 शासन व माननीय न्यायालयों/एन0जी0टी0 के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चितचत किया जाए।

(अमित कुमार सिंह)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
बागपत

पत्र सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:- निम्न निर्देश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2- निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, खनिज भवन लखनऊ।
3- जिलाधिकारी बागपत।
4- पुलिस अधीक्षक बागपत।
5- उपजिलाधिकारी खेकड़ा।
6- क्षेत्राधिकारी खेकड़ा।
7- [illegible]

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
बागपत

Annexure-6

क्षेत्रीय कार्यालय

टैलीफैक्स : 0121–2577676

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

पॉकेट–टी, सी–3/2, पल्लवपुरम–2, मोदीपुरम, मेरठ

विषयः– मै० एच एस एम क्रोलिंग प्रमुना रिवर खाता नं० की सहमति जल/वायु संबंधी निरीक्षण आख्या ग्राम मारुफ तहसील खेकड़ा जनपद बागपत

१. उद्योग का नाम व पूरा पता :– मैसर्स एच एस एम क्रोलिंग प्रमुना रिवर खाता नं० 620 गा० ग्राम मारुफ तहसील खेकड़ा जनपद बागपत

२. निरीक्षणकर्ता का नाम व पद :– एस०पी० मिश्र सर्वेट अधिकारी इरवट कुमार मि० पर्या० अधिकारी

३. उद्योग प्रतिनिधि का नाम, पद व पता :– श्री अजीत सिंह गलेरिया

४. निरीक्षण दिनांक :– 22/12/2020

५. उद्योग का स्थापना वर्ष :– सूचित नहीं

६. कच्चे माल का विवरण :– Minor mineral Sand/Bajram - 310720 used as Building construction material

७. उत्पादन की दैनिक मात्रा :– 310720 m3

८. उत्पादन प्रक्रिया का वर्णन/फ्लो चार्ट :– River mining

९. जल प्रदूषण के स्रोतों का विवरण :– घरेलू

१०. जनित उत्प्रवाह की दैनिक मात्रा :– (क) घरेलू – 1.0

(ख) औद्योगिक – Nil

११. जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था का विवरण :– कार्यालय से प्रति घरेलू उत्सर्जन सोकपिट/सेप्टिक टैंक की स्थापना नहीं किया गया है

१२. उत्प्रवाह निस्तारण का अंतिम बिन्दु :– River

१३. उत्प्रवाह विश्लेषण आख्या का विवरण :– प्रेषित नहीं

१४. प्रयुक्त ईंधन की दैनिक मात्रा :– डीजी सेट हेतु डीजल

HSM क्रोलिंग अपने परियोजना द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 30.01.2018 की शर्तों का अनुपालन नहीं किया जायेगी

१५. चिमनियों का विवरण :- डी जी सेट हेतु एनवायरप्रूफ

१६. वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था का विवरण :- धूल कणों को वातावरण में अनुमन्य सीमा में परिवर्तित होने हेतु डस्ट कलेक्शन चैम्बर आदि की व्यवस्था मौके पर नहीं पायी गयी।

१७. वायु उत्सर्जन की विश्लेषण आख्या :- दिल्ली एन सी आर क्षेत्र ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान अवधी में वायु गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था डस्ट आदि के नियंत्रण हेतु उपयुक्त व्यवस्था

१८. सहमति शुल्क का विवरण :- व्यवस्था नहीं होने के कारण शुल्क अधिरोपित नहीं

१९. सहमति निस्तारण के संबंध में संस्तुति/अभ्युक्ति :- उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों में दिये गये तथ्यों के परीक्षण से यह पाया गया कि उद्योग में मशीनों आदि से पर्याप्त मात्रा में ध्वनि उत्पन्न होती है तथा डस्ट कलेक्शन आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है। उक्त मशीनों से वायु एवं ध्वनि के अनुमन्य निस्तारण हेतु ग्रेनरेटर सेट को साईलेन्सर की व्यवस्था की जानी है। उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट नहीं है कि उक्त व्यवस्था की जा चुकी है। डस्ट कलेक्शन चैम्बर आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है। उद्योग परिसर में उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र/वायु सहमति आवेदन का अवलोकन किया जाना भी संभव नहीं है।

क्षेत्रीय अधिकारी/सहायक क्षेत्रीय अधिकारी/वरिष्ठ व्यवेक्षक/सहायक व्यवेक्षक/सहा0पर्यावरणविद्/सहा0वैज्ञा0अधि0 का नाम
(प्रतिहस्ताक्षरित)

S.P. SINGH
Junior Engineer
U.P. Pollution Control Board
Meerut

पत्रांक –

दिनांक –

सेवा में,

मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त–3)
उ0प्र0 प्रदषण नियंत्रण बोर्ड,
पिकप भवन गोमती नगर,
लखनऊ ।

महोदय,

उपरोक्तानुसार उद्योग को वर्ष ..... हेतु सहमति जल ~~स्वीकृत~~/अस्वीकृत करने तथा सहमति वायु ~~स्वीकृत~~/अस्वीकृत करने की संस्तुति की जाती है।

भवदीय,

23/12/2020

क्षेत्रीय अधिकारी,

Annexure-4

Phone & Fax :- 0121-2577676

क्षेत्रीय कार्यालय

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

पाकेट –टी,सी–3/2, पल्लवपुरम फेस–2,मोदीपुरम,मेरठ

विषयः– मै0 एच0एस0एम0 होल्डिंग यमुना रिवर गाटा नं0 ग्राम साकरोन्द तहसील खेकड़ा जनपद बागपत की सहमति जल/वायु संबंधी निरीक्षण आख्या

1.	उद्योग का नाम व पूरा पता:	मै0 एच0एस0एम0 होल्डिंग यमूना रिवर गाटा नं0 ग्राम साकरोन्द तहसील खेकड़ा जनपद बागपत
2.	निरीक्षणकर्ता का नाम व पद:	एस0पी0 सिंह (अवर अभियन्ता), प्रखर कुमार (सहा0 पर्या0 अभियन्ता)
3.	उद्योग प्रतिनिधि का नाम, पद व पता:	श्री अजीत सिंह मल्होत्रा
4.	निरीक्षण दिनांक:	25.02.2021
5.	उद्योग का स्थापना वर्ष :	सूचित नहीं
6.	कच्चे माल का विवरण:	Minor Mineral send/moram-310720m^3 used as Building constriction Material
7.	उत्पादन की दैनिक मात्रा:	310720 m^3
8.	उत्पादन प्रक्रिया का वर्णन/फ्लो चार्ट:	River Mining
9.	जल प्रदूषण के स्रोतों का विवरण:	घरेलू
10.	जनित उत्प्रवाह की दैनिक मात्रा:	(क) घरेलू–1.0 (ख) औद्योगिक–NIL
11.	जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था का विवरण:	श्रमिको से जनित घरेलू जल–मल हेतु सेप्टिक टैंक/सोकपिट की स्थापना नही किया गया है।
12.	उत्प्रवाह निस्तारण का अंतिम बिन्दु:	रीवर
13.	उत्प्रवाह विश्लेषण आख्या का विवरण:	प्रेषित नहीं है।
14.	प्रयुक्त ईंधन की दैनिक मात्रा:	डी0जी0 सेट हेतु डीजल आवश्यकतानुसार
15.	चिमनियों का विवरण:	डी0जी0 सेट हेतु एक्जहास्ट पाइप
16.	वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था का विवरण:	धूल जोकि वाहनो के आवागमन से जनित होता है उक्त हेतु वाटर रिप्रिकलर टैंकर आदि की व्यवस्था मौके पर नहीं पायी गयी।
17.	वायु उत्सर्जन की विश्लेषण आख्या:	दिल्ली एन0सी0आर0 क्षेत्र मे ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान प्रभावी व वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं डस्ट आदि के नियंत्रण हेतु उपयुक्त व्यवस्था स्थापित नहीं है।

सहमति शुल्क का विवरण: ओ0सी0एम0एस0 पर सूचित है।

19. **सहमति निस्तारण के संबंध में संस्तुति/अभियुक्ति:** प्रश्नगत खनन परियोजना द्वारा नदी पट्टा क्षेत्र में श्रमिको आदि से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के उपयुक्त निस्तारण हेतु डस्टबीन आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है न ही श्रमिको से जनित घरेलू जल मल के उपयुक्त निस्तारण हेतु सोक पिट/सेप्टिक टैंक की स्थापना की गयी है। उद्योग द्वारा खनन कार्य में मशीनो का उपयोग नही किया जायेगा इस सम्बन्ध में सूचना प्रेषित नही की गयी है डस्ट सप्रेशन हेतु उपयुक्त व्यवस्था नही की गयी है। एच0एस0एम0 होल्डिंग खनन परियोजना द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 30.01.2018 की शर्तों का अनुपालन नही किया गया है। उक्त के परिपेक्ष्य में उद्योग द्वारा प्रेषित जल/वायु सहमति आवेदन को अस्वीकृत किये जाने की संस्तुति की जाती है।

क्षेत्रीय अधिकारी (प्रतिहस्ताक्षरित) 03/3/2021

अवर अभियन्ता/वैज्ञानिक सहायक

सहा0पर्या0अभियन्ता/सहा0वैज्ञा0अधि0

पत्राक –

दिनांक –

सेवा में,

मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त–3)
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
लखनऊ।

महोदय,

उपरोक्तानुसार उद्योग की सहमति जल एवं सहमति वायु अस्वीकृत करने की संस्तुति की जाती है।

भवदीय,

03/3/2021

क्षेत्रीय अधिकारी

Annexure- 9

कार्यालय जिलाधिकारी बागपत

पत्रांक-1770/खनन/ई-निविदा सह ई-नीलामी/2017

दिनांक 25-11-17

खनन पट्टा हेतु सहमति पत्र
(Letter of Intent)

M/S M HOLDINGS.
पहल वाई थियरिया
जिला गौतमबुद्ध (नगर उत्तर)

आमन्त्रण सं0- 1875/86-2017-57(खा0)/2017 दिनांक 14.08.2017 में दिये गये निर्देशानुसार ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से यमुना नदी साधारण बालू का खनन पट्टा 05 वर्ष की अवधि हेतु जनपद बागपत के निम्न क्षेत्र हेतु कार्यालय के पत्र सं0 1549/ई-टेण्डर सह ई-ऑक्शन/विभिन्न-बालू/2017-18 दिनांक 07.09.2017 द्वारा घोषणा की गयी थी। ई-निविदा सह ई-नीलामी की कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा अधिकृत एजेन्सी MSTC के ई मेल पत्र दिनांक 27.10.2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील खेकड़ा स्थित यमुना नदी के क्षेत्र सांकरौद जिसका विवरण निम्नवत है-

तहसील	नदी	ग्राम	गाटा सं0	क्षेत्रफल	मात्रा (बालू घ0 मी0 में)
1	2	3	4	5	6
खेकड़ा	यमुना नदी	सांकरौद	620मि, 634मि0	19.42000	3,10,720

उपरोक्त में आपके द्वारा ई-नीलामी में अधिकतम आफर रू0 326/- प्रति घनमीटर दी गयी है। इस प्रकार आपके द्वारा पट्टरखा हेतु 3,10,720 घ0मी0 पर कुल धनराशि रू0 10,12,94,720/- प्रथम वर्ष हेतु दी गयी है।

1- निर्बन्धनों एवं शर्तों का पालन करने के लिये प्रतिभूति के प्रथम वर्ष के लिये देय कुल धनराशि रू0 10,12,94,720/- का 25 प्रतिशत प्रतिभूति तथा 25 प्रतिशत धनराशि प्रथम वर्ष की पहली किस्त के रूप में दो कार्य दिवसों के अन्दर MSTC के ई-पेमेन्ट गेट वे पर आर0टी0जी0एस/एन0ई0एफ0टी0 द्वारा जमा करना होगा। आप द्वारा पूर्व में जमा प्री बीड अर्नेस्ट मनी रू0 5048200/- को पहली किस्त में समायोजित करते हुये पहली किस्त की शेष धनराशि रू0 2,02,74,480/- (रू0 दो करोड़ दो लाख चौहत्तर हजार चार सौ अस्सी रूपये मात्र) तथा 25 प्रतिशत प्रतिभूति की धनराशि अंकन 2,53,23,680/- (रू0 दो करोड़ तरेपन लाख तेईस हजार छ सौ अस्सी रूपये मात्र) कुल 4,55,98,160 रूपये (चार करोड़ पचपन लाख अट्ठानवे हजार एक सौ साठ रूपये मात्र) जमा करना होगा। यदि लेटर आफ इन्टेन्ट प्राप्ति होने के दो कार्य दिवसों में अवशेष धनराशि जमा करने में आप असफल होते है तो आप द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राज्य सरकार के पक्ष में

जब्त कर ली जायेगी तथा आपके द्वारा इस संबंध में कोई शिकायत अथवा प्रत्यावेदन पर विचार योग्य नहीं होगा।

- खनन पट्टा पाँच वर्ष हेतु जारी किया जायेगा। प्रथम वर्ष की धनराशि रू0 10,12,04,720/–होगी तथा अनुवर्ती वर्षों में प्रत्येक वर्ष पिछले वर्ष की ई–नीलाम की देय धनराशि पर 10 प्रतिशत की वृद्धि कर देय होगा।

- प्रथम वर्ष के लिये शेष 75 प्रतिशत पट्टा धनराशि एवं आगामी वर्षों के लिये पट्टा धनराशि उ0प्र0 खनिज परिहार नियमावली 1963 (नवीन संशोधन के तहत) में निर्धारित चतुर्थ अनुसूचि के अनुसार राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पट्टाधारक द्वारा जमा की जायेगी। उक्त अनुसूचि में नियत तिथि के अनुसार देय धनराशि जमा न करने की दशा में नियम–69 के अनुसार देय धनराशि ब्याज सहित वसूल की जायेगी।

- लेटर आफ इन्टेंट जारी होने के एक माह के अन्दर अनुमोदन हेतु खनन योजना निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म उ0प्र0 के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा तथा अनुमोदित खनन योजना प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर सक्षम प्राधिकरण के समक्ष पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

- पट्टाधारक नियम–17 के प्रावधानों के अनुसार क्षेत्र का सीमांकन करायेंगे तथा नियम–35 के अनुसार सीमा स्तम्भ लगायेंगे तथा इसका अनुरक्षण करेंगे।

- पट्टा धारक द्वारा नियम–34 के प्रावधानों के अर्न्तगत प्लान तथा भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 सपठित अधिसूचना दिनांक 15.01.2016 तथा समय–समय पर यथा संशोधित उपबन्धों के अधीन पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त कर उसे प्रस्तुत करेंगे।

- पट्टाधारक द्वारा नियम–34 के अनुसार क्षेत्र के भूमि–उद्धार और पुर्नवासन उपाय हेतु वित्तिय अश्वासन की धनराशि निर्धारित रीति से जमा करायेंगे।

- पट्टाधारक द्वारा राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित कर व शुल्क तथा बायकर का 2 प्रतिशत टीसीएस (प्रचलन दर), 10 प्रतिशत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट–बागपत आदि नियमानुसार जमा करायेंगे।

शर्तें–

पट्टाधारक पट्टे के अधीन दिये गये क्षेत्र के सर्वेक्षण और सीमांकन के समय सीमांकित भौतिक पर खनन पट्टा क्षेत्र का कार्डिनेट्स अंकित करेगा तथा पट्टा विलेख निष्पादन करने के पूर्व में पट्टाधारक अपने व्यय के व्यय पर ऐसे सीमा चिन्ह को और खम्भों को लगायेगा जो पट्टा विलेख से संलग्न नक्शे में दर्शाये गये सीमांकन को इंगित करने के लिये आवश्यक होगा।

पट्टा अभिलेख के निष्पादन की दिनांक से छः माह के भीतर खनन संक्रियायें प्रारम्भ करेगा और तत्पश्चात् जान बूझकर कोई स्थगन किये बिना ऐसी खनन संक्रियाओं का संचालन उचित और दक्षतापूर्ण रीति से कुशल कारीगर की भांति करेगा।

Amalhotra

पट्टा धारक नियम–35 के अनुसार वाहन का प्रवेश व निकास पर निगरानी के लिये स्वयं के व्यय पर की
चौकी कोल पर दृश्यता रिकार्डिंग के पॉइन्ट वार सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने सहित चेक पोस्ट/गेट का
निर्माण करेगा। पट्टाधारक उक्त चेक पोस्ट/गेट पर आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर भी रखेगा, जिससे समबिधित
एन0एम0–11 पर अंकित बार कोड का डाटा पढने और सुरक्षित रखने की सुविधा होगी और उसका समुचित
रूप से रख रखाव करेगा एवं सदैव उसे चालू रूप में अनुरक्षित रखेगा। पट्टाधारक उक्त सी0सी0टी0वी0
कैमरे और आर0एफ0आई0डी0 स्कैनरों द्वारा की गयी समस्त रिकार्डिंग को कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित
रखेगा और नियम–66 के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा रिकार्ड माँगे जाने पर उक्त
रिकार्डिंग को उपलब्ध करायेगा।

(4) पट्टाधारक प्रत्येक वाहन को ई–एन0एम0–11 सही विवरण सहित जारी करेगा। प्रत्येक वाहनों की निर्गत ई–एन0एम0–11 पर अंकित बार कोड को चेक पोस्ट पर पढने तथा दर्ज डाटा सेव करने के लिए आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर लगायेगा तथा सदैव उसका अनुरक्षण करेगा और उन्हें सही एवं चालू दशा में रखेगा। उक्त का अनुपालन न करने की दशा में नियमावली–1963 के नियम–59 के अन्तर्गत शास्ति का भागीदार होगा।

(5) पट्टेदार 03 मीटर की गहराई अथवा जलस्तर में से जो कम हो, से अधिक गहराई में खनन संक्रियायें नहीं करेगा।

(6) जिलाधिकारी द्वारा चिन्हित सुरक्षा क्षेत्र में खनन नहीं किया जायेगा।

(7) नदी की जलधारा में सक्शन मशीन, लिफ्टर आदि मशीनों द्वारा खनन कार्य नहीं किया जायेगा।

(8) स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर जहाँ परिवहन प्रपत्र निर्गत किया जायेगा वहाँ पर खनिजों का विक्रय मूल्य प्रदर्शित करेगा।

(9) यदि पट्टाधारक द्वारा नियमों व खनन पट्टा, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र, खनन योजना आदि की का उल्लंघन किया जाता है तो पट्टेदार को अपना मामला बताने की युक्ति युक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा पट्टा समाप्त किया जा सकता है।

(10) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियनावली 1963 के नियम 67 के अधीन भूमि को क्षतिग्रस्त को प्रतिकार पाने का अधिकार होगा जो भूस्वामियों एवं पट्टेधारक के मध्य तय हो।

(11) पट्टा विलेख का निष्पादन नियमानुसार निर्धारित स्टाम्प पेपर पर पट्टेधारक द्वारा किया जायेगा।

(12) सिंचाई विभाग की शर्तों के पालन हेतु पट्टेधारक बाध्य होगा।

(13) वन विभाग की शर्तों के पालन हेतु पट्टाधारक बाध्य होगा।

(14) मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन किया जायेगा।

पट्टा विलेख का निष्पादन नियमानुसार निर्धारित स्टाम्प पेपर पर पट्टेधारक द्वारा किया जायेगा।

S. malhotra 1/12/24

(16) पट्टाधारक द्वारा पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करने के उपरान्त ही अनुमति प्राप्त कर खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

(17) राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा यदि नियमों/अधिनियमों में कोई संशोधन होता है अथवा कोई नई अथवा विधि प्रख्यापित की जाती है तो वह पट्टाधारकों को मान्य होगा।

(भवानी सिंह खगारोत)
जिलाधिकारी
बागपत

पत्र सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि:-

निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी
बागपत

A.S. malhotra

Annexure-10

उत्तर प्रदेश शासन
भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,
संख्या–1079 /एसएम/2020
लखनऊ, दिनॉक, दिसम्बर 04, 2020
निगरानी सं0–167(आर)/एसएम/2020

एच0एस0एम0 होल्डिंग्स द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि श्री अजीत सिंह, नेहरू वार्ड, पिपरिया, जिला–होशंगाबाद (मध्य प्रदेश)।————————————————निगरानीकर्ता।

बनाम्

1. जिलाधिकारी, बागपत।
2. अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), बागपत।————————————प्रतिवादीगण।

निर्णय

विषयगत् निगरानी उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम–78 के अर्न्तगत एच0एस0एम0 होल्डिंग्स द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि श्री अजीत सिंह, नेहरू वार्ड, पिपरिया, जिला–होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) ने जिलाधिकारी, बागपत द्वारा पारित आदेश दिनांक 31.10.2020 के विरूद्ध प्रस्तुत की है।

संक्षेप में निगरानीकर्ता का कथन है कि शासनादेश दिनांक 14.08.2017 के क्रम में जिलाधिकारी, बागपत द्वारा उपलब्ध बालू खनन क्षेत्रों की विज्ञप्ति प्रकाशित की गई जिसमें बालू खनन क्षेत्र तहसील–खेकड़ा, ग्राम–संकूद खादर, गाटा सं0–620मि0, 634मि0,रकबा–19.4200 हैक्टेयर व बालू की मात्रा–3,10,720 घनमीटर प्रतिवर्ष भी सम्मिलित था। प्रार्थी द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ई–टेण्डर/ई–नीलामी में भाग लिया गया बालू के खनन हेतु सर्वोच्च प्रस्ताव रू0 326/– प्रतिघनमीटर प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी के पक्ष में दिनांक 25.11.2017 को एल0ओ0आई0 निर्गत की गई तथा खनन पट्टा निष्पादन दिनांक 15.05.2018 को 05 वर्षो की अवधि हेतु दिनांक 15.05.2018 से 14.05.2023 तक की अवधि के लिए हुआ। निगरानीकर्ता द्वारा दिनांक 16.05.2018 से खनन कार्य प्रारंभ किया गया कि अचानक मा0 एन0जी0टी0 द्वारा ओ0ए0 संख्या–401/2018 प्रवीन व अन्य बनाम् एम0ओ0ई0एफ0सी0सी0 व अन्य में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 14.06.2018 के क्रम में निगरानीकर्ता को मशीनीकृत खनन करने से रोक दिया गया किंतु निगरानीकर्ता द्वारा दिनांक 30.06.2018 तक खनन कार्य जारी रखा गया तथा मानसून सत्र में दिनांक 01.07.2018 से खनन कार्य बंद रहा। तत्पश्चात् मा0 एन0जी0टी0 द्वारा पारित आदेश दिनांक 18.07.2018 के क्रम में निगरानीकर्ता का खनन कार्य पूर्णतः बंद कर दिया गया। दिनांक 08.03.2019 को ओ0ए0 संख्या–401/2018 प्रवीन व अन्य बनाम् एम0ओ0ई0एफ0सी0सी0 व अन्य का मा0 एन0जी0टी0 द्वारा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन को मामले में ध्यान देने के निर्देश के साथ निस्तारण कर दिया गया। दिनांक 26.03.2019 को निगरानीकर्ता द्वारा जिलाधिकारी, बागपत को खनन कार्य प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया जिसके क्रम में निगरानीकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया जिसमें निगरानीकर्ता द्वारा रॉयल्टी के पहले ही जमा होने व कोई

भी बकाया न होने के संबंध में अपना पक्ष रखा। दिनांक 15.04.2019 आदेश द्वारा मुख्य सचिव महोदय ने एक टीम का गठन कर Factual Report प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी बीच निगरानीकर्ता को जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित नोटिस दिनांक 21.05.2019 प्राप्त हुई जिसके माध्यम से उसे 18 प्रतिशत ब्याज के साथ रू0–10,38,27,088/– व 15 प्रतिशत ब्याज के साथ डी0एम0एफ0 रू0–1,03,82,710 जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। निगरानीकर्ता द्वारा अपना उत्तर दिनांक 30.05.2019 को प्रस्तुत किया गया जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि उस अवधि का जिसमें मा0 एन0जी0टी0 के आदेश के क्रम में उसका खनन कार्य बंद था, की मांग नोटिस जारी करना निराधार है अतः उसे वापिस लिया जाना चाहिए। अवैध खनन को रोकने के उद्देश्य से निगरानीकर्ता से अपने खनन क्षेत्र से बाहर अन्यत्र कहीं भी खनन न करने हेतु अण्डरटेकिंग लिए जाने के पश्चात् शासन द्वारा पारित आदेश 24.07.2020 के माध्यम से निगरानीकर्ता को पर्याप्त रोकथाम के साथ खनन प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई। शासन द्वारा यह पत्र जिलाधिकारी को दिनांक 29.07.2020 को प्रेषित किया गया। निगरानीकर्ता द्वारा दिनांक 05.08.2020 को जिलाधिकारी कार्यालय मे अपना प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया जिसके माध्यम से उन्होंने पट्टा क्षेत्र 19.42 हेक्टेयर का पुनः निर्धारण कर 07.00 हेक्टेयर किए जाने तथा उसी के अनुसार बालू की मात्रा का पुनः निर्धारण कर देयता सुनिश्चित करने के बाद ही खनन प्रकिया शुरू करने की कार्यवाही किए जाने हेतु अनुरोध किया। निगरानीकर्ता के उपरोक्त पत्र के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा पत्र दिनांक 11.09.2019 प्रेषित किया गया जिसमे यह बताया गया कि स्वीकृत क्षेत्रफल में पर्याप्त मात्रा में बालू उपलब्ध है तथा क्षेत्रफल घटने से बालू की उपलब्धता कम हो जाएगी जिससे राजस्व की भारी क्षति होगी अतः उनके प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। तत्पश्चात् निगरानीकर्ता द्वारा जिलाधिकारी महोदय को पत्र दिनांक 07.10.2020 प्रेषित किया गया जिसके माध्यम से उन्होंने समस्त देयताएं जो भी हों उनको जमा करने के उपरान्त पट्टा शुरू करने की अनुमति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बकाया कुल धनराशि रू0–12,86,55,268/– जमा करने व उसके उपरांत ओ0टी0पी0 खोले जाने की कार्यवाही हेतु मांगपत्र दिनांक 31.10.2020 निर्गत किया गया। निगरानीकर्ता का कथन है कि इस मांगपत्र में उस अवधि की देयता भी शामिल है जिस अवधि में निगरानीकर्ता का खनन कार्य मा0 एन0जी0टी0 के आदेश के क्रम में बंद रहा है। अतः उस पर आदेश दिनांक 31.10.2020 द्वारा अवरूद्ध अवधि की देयता आरोपित करना नियमविरूद्ध व निराधार है। अंत में निगरानीकर्ता ने जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश दिनांक 31.10.2020 को निरस्त करने तथा अगले माह की मासिक किश्त जमा कराने के उपरांत निगरानीकर्ता को खनन कार्य प्रारंभ करने देने के लिए ओ0टी0पी0 खोलने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

जिलाधिकारी की आख्या अप्राप्त होने के कारण निगरानीकर्ता के विद्वान अधिवक्ता को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अवलोकनार्थ स्पष्ट है कि आवंटित खनन क्षेत्र में दिनांक 16.05.2018 से खनन कार्य प्रारंभ किया गया। इसी मध्य मा0 एन0जी0टी0 द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 14.06.2018 से मशीनीकृत खनन पर रोक लगा दी गई। निगरानीकर्ता द्वारा खनन क्षेत्र में दिनांक 30.06.2018 तक खनन कार्य किया गया। मानसून सत्र के दौरान मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 18.07.2018 से खनन संक्रियाओं को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया। तत्पश्चात् मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 08.03.2019 से प्रकरण निरस्तारित कर दिया गया। मा0 एन0जी0टी0 के आदेश के अनुपालन मे निगरानीकर्ता द्वारा दिनांक 26.03.2019 को खनन प्रारंभ करने हेतु जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी, बागपत द्वारा दिनांक 21.05.2019 को निर्गत नोटिस के माध्यम से निगरानीकर्ता को 18 प्रतिशत ब्याज के साथ रू0–10,38,27,088/– व 15 प्रतिशत ब्याज के साथ डी0एम0एफ0 की धनराशि

रू0–1,03,82,710/– जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 18.07.2018 से दिनांक 08.03.2019 की अवधि के दौरान मा0 एन0जी0टी0 के आदेश द्वारा खनन कार्य बंद होने व अभी तक जिलाधिकारी, बागपत द्वारा खनन संकियाएं चालू न किए जाने के कारण सापूर्ण अवधि को उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली–1963 के नियम–41ज के अनुसार बाधित अवधि मानते हुए अवशेष रॉयल्टी की गणना की जानी चाहिए। नियमावली–1963 का नियम–41ज इस प्रकार है:–

"किन्ही विशेष परिस्थितियों के कारण पट्टा क्षेत्र में खनन संकिया के बाधित होने की स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से आगामी किश्त के सापेक्ष बाधित अवधि के दौरान संदेय किश्त के समतुल्य धनराशि का समायोजन संदेय देयों से ऑनलाईन करेगा।"

अतः अपरजिलाधिकारी, बागपत द्वारा पारित आदेश दिनांक 31.10.2020 को निरस्त करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि वर्तमान किश्तों को जमा कराते हुए खनन संकियाएं तत्काल शुरू कराएं तथा साथ ही बाधित अवधि से संबंधित किश्तो में नियमावली–1963 के नियम–41ज के अंतर्गत छूट प्रदान करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उपरोक्तानुसार प्रस्तुत निगरानी निस्तारित की जाती है।

याद आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

(डॉ0 रोशन जैकब)
सचिव।

पत्र सं0–1077/(1)/एसएम/2020 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि
1–निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2–जिलाधिकारी, बागपत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3–प्र0एस0एम0 होल्डिंग्स द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि श्री अजीत सिंह, नेहरू यार्ड, पिपरिया, जिला–होशंगाबाद (मध्य प्रदेश)।

(डॉ0 रोशन जैकब)
सचिव।

Annexure-II

1360
190

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

Certificate No.	:	IN-UP044498539888620Q
Certificate Issued Date	:	24-Apr-2018 05:09 PM
Account Reference	:	NONACC (BK)/ upbobbk02/ BAGHPAT/ UP-BGH
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUPBOBBK02053453292746 38Q
Purchased by	:	HSM HOLDINGS
Description of Document	:	Article 35 Lease
Property Description	:	VILLAGE SAKROND TEH KHEKRA DISTT BAGHPAT
Consideration Price (Rs.)	:	61,84,14,395 (Sixty One Crore Eighty Four Lakh Fourteen Thousand Three Hundred And Ninety Five only)
First Party	:	GOVERNOR UTTAR PRADESH GOVERNMENT
Second Party	:	HSM HOLDINGS
Stamp Duty Paid By	:	HSM HOLDINGS
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	2,47,36,600 (Two Crore Forty Seven Lakh Thirty Six Thousand Six Hundred only)

----------Please write or type below this line----------

E-STAMP LOCKED

E STAMP VERIFY

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनि
बागपत

खान अधिकारी
बागपत

WN 0001978356

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp Certificate should be verified at "www.shcilestamp.com". Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.

ई– स्टाम्प सर्टिफिकेट नं0 – IN-UP

प्रपत्र– एम0एम0–6

खनन के लिये नीलामी पट्टे का आदर्श प्रपत्र (नियम 29)

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम–29 के अधीन ई– निविदा सह ई–नीलामी प्रणाली के माध्यम से जिलाधिकारी, बागपत द्वारा साधारण बालू (यमुना नदी) के खनन पट्टी हेतु सहमति पत्रांक : 1770/खनन/ई–निविदा सह ई–नीलामी/2017 दिनांक 25–11–2017 के क्रम में

यह अनुबन्ध आज दिन 15-5-2018 दिनांक 14-5-2023 (पॉच वर्ष हेतु) को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल (जिन्हे आगें "राज्य सरकार" कहा गया है, जिसे पदावधि के अन्तर्गत यदि सन्दर्भ से ऐसा ग्राहय हो, उत्तराधिकारी तथा अभिहस्ताकिंती भी समझे जायेगे), एक पक्ष और प्रथम पक्ष

यदि पट्टेदार कम्पनी विशेष हो, एच0एस0एम0 होल्डिग्स, नेहरू वार्ड पिपारिया, जिला होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) द्वारा अधिकृत/प्रशासक/प्रतिनिधि /द्वारा– अजीत सिंह मल्हौत्रा पुत्र श्री जय सिंह निवासी ग्राम नेहरू वार्ड, पिपरिया तहसील पिपरिया जिला होशंगाबाद।

(व्यक्ति/कम्पनी का नाम, पता और व्यवसाय) जिसे आगें "पट्टेदार" कहा गया है, जिस पदावधि के अन्तर्गत, यदि सन्दर्भ से ऐसा ग्राह्य हो, उसके दायाद, निष्पादक, प्रशासक तथा प्रतिनिधि भी समझे जायेगे) दूसरा पक्ष/द्वितीय पक्ष।

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 (जिसे आगे "उक्त नियमावली" कहा गया है) के अनुसार किये गये नीलामी में 3,10,720 घनमी0 बालू के लिए पट्टेदार द्वारा रू 326 (तीन सौ छब्बीस) प्रति घनमीटर की दर से प्रथम वर्ष हेतु रू0 101294720/– तथा अनुवर्ती वर्षो में गत वर्ष की देय धनराशि पर 10 प्रतिशत वृद्धि करके देय होगा। राज्य सरकार द्वारा खनन पट्टे के लिये 05 वर्ष के निमित्त एतद्धीन लिखित अनुसूची के भाग–1 में वर्णित भूमि स्थित ग्राम सांकरौद खादर परगना बागपत तहसील खेकडा जिला बागपत के खसरा/गाटा सं0 620मि0 व 634 मि0 कुल रकबा 19.4200 हे0 पॉच वर्षो के लिए स्वीकार कर

HSM HOLDINGS
A. S. Malhotra
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

जिलाधिकारी
बागपत

लिया गया है और उसनें/ उन्होने प्रतिभूमित स्वरूप रू0 25323680/– तथा प्रथम किस्त रू0 25323680/– कुल धनराशि अंकन 50647360/– रूपये चालान स0 02 दिनांक 22.01.2018 में राज्य सरकार के पास जमा कर दी है।

यह इसका साक्ष्य है कि उप उपस्थापन–पत्र और निम्नलिखित अनुसूचित द्वारा रक्षित ओर उसमें दिये गये पट्टेदार की ओर से भुगतान किये जाने वाले, पालन तथा सम्पादन किये जाने वाले स्वामित्वों, प्रसंविदाओं तथा अनुबन्धों के प्रतिफल में राज्य सरकार एतद्द्वारा पट्टेदार को निम्नलिखित प्रदान और पट्टान्तरित करता है।

साधारण बालू (यमुना नदी) (यहॉ खनिज/खनिजों का उल्लेख किया जाये) जिन्हे आगे और अभिदिष्ट अनुसूची में "उक्त" "खनिज" कहा गया है, की समसत खान तल्प (beds) संदर सीम्स (veins seams) जो उक्त अनुसूची के भाग–1 में अभिदिष्ट भूमि में या उसके नीचे स्थित हो, के साथ जिसके सम्बन्ध में उन प्रतिबन्धों तथा शर्तो के अधीन रहते हुए प्रयोग या उपयोग किया जायेगा। जो ऐसी स्वतन्त्रताओं, अधिकारे, तथा विशेष अधिकारों का प्रयोग तथा उपयोग करने के बारे में हो, सिवाय इसके ओर से आरक्षित उक्त नियमावली में उल्लिखित स्वतन्त्रताओं, अधिकार तथा विशेष अधिकार राज्य सरकार में पट्टान्तरित हो जायेगे। दिनांक 15-5-2018 से 14-5-2023 (पॉच वर्ष हेतु) की आगामी अवधि के लिये पट्टेदार की एतद्द्वारा दिए गए पदान्तरित ऐसे भू–गृहादि धारण करना, जिनसे खनिज निकालने लगे और राज्य सरकार को उक्त अनुसूचित के भाग–2 में उल्लिखित स्वामियों का भुगतान उसमें निर्दिष्ट भिन्न–भिन्न समयों पर होने लगे, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा उक्त भाग के उपबन्धो के अधीन हो, और पट्टेदार एतद्द्वारा राज्य सरकार के साथ प्रसंविदा करता है/करते है और राज्य सरकार एतद्द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों के साथ प्रसंविदा करती है, जैसा कि उक्त नियमावली में अभिव्यक्ति है और एतद्द्वारा इसके साथ दिये गये पक्षों के बीच परस्पर सहमत हुआ है जैसा कि उक्त अनुसूची के भाग–3 में अभिव्यक्ति है।

(ऊपर अभिदिष्ट अनुसूचि)
भाग–1
इस पट्टे का क्षेत्र

पट्टे का स्थान और क्षेत्र : यह समस्त भूखण्ड, जो जिला बागपत की तहसील खेकडा के अन्तर्गत स्थित ग्राम सांकरौद खादर (क्षेत्र) तथा

Witness

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

खान अधिकारी
बागपत

क्षेत्रो का विवरण) स्थित है और उसकी भू–कर सर्वेक्षण संख्यायें खसरा/गाटा सं0 620मि0 व 634 मि0 है तथा जिसमें 19.4200 है0 क्षेत्रफल है, और जिसका चित्रण इसमें संलग्न नक्शें में किया गया है; और उसे लाल रंग से रंजित (coloured) किया गया है, और जिसकी सीमायें निम्नलिखित है :–

चौहद्दी –

1– पूरब – ख0सं0 620 का शेष भाग

2– पश्चिम – ख0सं0 634 का शेष भाग

3– उत्तर – ख0सं0 620, 634 का शेष भाग

4– दक्षिण – ख0सं0 620, 634 का शेष भाग

खनन क्षेत्र का कोआर्डिनेट्स :–

Name of Pillars	Latitude	Longitude
A	N- 28 ^{0} 51 ^{1} 27.91''	E- 77 ^{0} 12 ^{1} 42.98''
B	N- 28 ^{0} 50 ^{1} 59.90''	E- 77 ^{0} 12 ^{1} 54.85''
C	N- 28 ^{0} 50 ^{1} 57.15''	E- 77 ^{0} 12 ^{1} 51.00''
D	N- 28 ^{0} 51 ^{1} 03.57''	E- 77 ^{0} 12 ^{1} 44.50''
E	N- 28 ^{0} 51 ^{1} 24.90''	E- 77 ^{0} 12 ^{1} 34.68''

और जिसें एतद्द्वारा "उक्त भू–खण्ड" कहा गया है।

भाग–2

इस पट्टे पर संरक्षित स्वामित्व

(1) स्वामित्व की धनराशि : पट्टेदार, इस पट्टे की अवधि में राज्य सरकार को पट्टे पर दिये गये क्षेत्र में उसके/उनके द्वारा हटाये गये साधारण बालू (यमुना नदी) के सम्बन्ध में निम्नलिखित स्वामित्व का भुगतान करेगा/करेगे।

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

जिलाधिकारी
बागपत

(चतुर्थ अनुसूची)

जमा की गयी ई–निविदा/ई–नीलाम की धनराशि जमा की अनुसूची

(नियम–27(3)

क्र0 सं0	वर्ष	कुल धनराशि (रूपये में)	प्रथम किस्म (रूपये में) 01 जनवरी में जमा हो चुकी है	द्वितीय किस्त (रूपये में) 01 जौलाई	तृतीय किस्त (रूपये में) 01 अक्टूबर	चतुर्थ किस्त (रूपये में) 01 जनवरी
1–	प्रथम वर्ष	101294720	25323680	25323680	25323680	25323680
2–	द्वितीय वर्ष	111424192	27856048	27856048	27856048	27856048
3–	तृतीय वर्ष	122566612	30641653	30641653	30641653	30641653
4–	चतुर्थ वर्ष	134823272	33705818	33705818	33705818	33705818
5–	पंचम वर्ष	148305600	37076400	37076400	37076400	37076400

(2) **स्वामित्व कटौती आदि से मुक्त होगा** : इस भाग में उल्लिखित स्वामित्व की किश्तों का भुगतान बिना किसी कटौतियों के राज्य सरकार को 0853–अलौह खनन की धातुकर्म उद्योग–102–खनिज रियायत शुल्क किराया और स्वत्व शुल्क, 01 खनिज रियायत शुल्क और स्वत्व शुल्क सरकारी कोषागार में जमा करके किया जायेगा तथा चालान की एक प्रति जिलाधिकारी को भेंजी जायेगी।

(3) **स्वामित्वों का समय पर भुगतान न किया जाये तो कार्यवाही की प्रक्रिया**: यदि किसी उपस्थापन पर (present), की शर्तो और प्रतिबन्धो के अधीन राज्य सरकार को देय स्वामित्व की किसी किश्त का भुगतान पट्टेदार/पट्टेदारों द्वारा नियत समय के भीतर न किया जाये, तो उसे ऐसे अधिकारी के, जिसे राज्य सरकार सामान्य विशिष्ट आज्ञा द्वारा निर्दिष्ट करे, प्रमाण पत्र पर उसी रीति से वसूल की जा सकती है, जैसे मालगुजारी का बकाया।

भाग–3

सामान्य उपलब्ध

(1) **नियमों प्रसंविदाओं और शर्तो को भंग करने पर पट्टा समाप्त किया जा सकता है** : यदि पट्टेदार उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियावली, 1963 के किसी नियम या इस पट्टे की किसी प्रसंविदा तथा किसी शर्त को भंग करे, तो राज्य सरकार द्वारा पट्टा समाप्त कर सकती है और प्रतिभूति जमा पूर्णतः या अंशतः जब्त कर सकती है, किनतु प्रतिबन्ध यह है कि पट्टा समाप्त किये जाने के पूर्व पट्टेदार/पट्टेदारों को उन्हे भंग करने का स्पष्टीकरण देने के लिये यथोचित अवसर दिया जायेगा।

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

जिलाधिकारी
बागपत

(2) पट्टेदार पट्टे की समाप्ति पर अपनी सम्पत्तियों को हटायेगा/हटायेगे: पट्टेदार उस उपस्थापन– पत्र के आधार पर देय स्वामित्व का पहले भुगतान और उन्मोचन कर चुकने पर उक्त अवधि की समाप्ति पर उसकी शीघ्रतर समाप्ति पर या तत्पश्चात तीन कलेण्डर मास के भीतर (जब तक की पट्टा इस भाग के खण्ड–1 के अधीन समाप्त न कर दिया जाये) और उस दशा में किसी समय ऐसी समाप्ति के कम से कम एक कलेण्डर मास में और अधिक से अधिक तीन कलेण्डर मास में अपने की लाभ के लिए ऐसे सभी या किसी मशीन संयन्त्र, भवन, संरचनायें और अन्य निर्माण कार्य और अस्थायी आवास स्थानों (conveniences) को उखाड सकता है/सकते है और हटा सकता है/सकते है, जो उक्त भूमि मतें या उस पर पट्टेदार/पट्टेंदारो द्वारा रखे गये हों।

(3) पट्टे की समाप्ति के पश्चात तीन माह से अधिक समय तक छोडी गयी सम्पत्ति की जब्ती :– यदि उक्त अवधि की समाप्ति या उसके शीघ्तर समाप्ति के प्रभावी होने के पश्चात तीन कलेण्डर मास के अन्त में उक्त भूमि या उस पर कोई इंजन, मशीन, संयन्त्र, भवन, संरचनाये और अन्य निर्माण कार्य और अस्थायी आवास स्थान या अन्य सम्पत्ति रहे तो उनके सम्बन्ध में यदि वे ऐसे लिखित नोटिस देने के पश्चात जिसमें जिलाधिकारी द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारों से उन्हे हटाने की अपेक्षा की गयी हो, एक कलेण्डर मास के भीतर पट्टेदार/पट्टेदारो द्वारा न उठाये जाये, तो यह समझा जायेगा कि वे राज्य सरकार की सम्पत्ति हो गयी और प्रतिकर का भुगतान किए बिना या उसके सम्बन्ध में पट्टेदार/पट्टेदारो को कोई हिसाब दिये बिना उसकी बिक्री या निस्तारण ऐसी रीति से किया जा सकता है, जो राज्य सरकार उचित समझें।

(4) नोटिस :– इस उपस्थापना–पत्र द्वारा पट्टेदार/पट्टेदारो को दिये जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक नोटिस उक्त भूमि पर रहने वाले ऐसे व्यक्ति को लिखित रूप से दिया जायेगा, जिसे पट्टेदार ऐसे नोटिस प्राप्त करने के प्रयोजन के लिये नियुक्त करे/करें, और यदि इस प्रकार कोई नियुक्ति न की गयी हो, तो प्रत्येक नोटिस पट्टेदार/पट्टेदारों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा इस पट्टे में उसके/उनके अभिलिखित पते पर या भारत में ऐसे पते पर भेजा जायेगा, जिसे पट्टेदार समय–समय पर लिखित रूप में राज्य सरकार को नोटिसों की प्राप्ति करने के लिये दे/दें और प्रत्येक ऐसी तामील पट्टेदार/पट्टेदारों पर उचित तथा वैध तामील समझी जायेगी और उसके सम्बन्ध में उसके/उनके न तो आपत्ति की जायेगी और न उसे उपाहूत (challenged) किया जायेगा।

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

बागपत

बागपत

(5) पट्टेदार पट्टे के अधीन दिये गये क्षेत्र के सर्वेक्षण और सीमांकन के समय सीमांकित मानचित्र पर खनन पट्टा क्षेत्र का कार्डिनेट्स अंकित करेगा तथा पट्टा विलेख निष्पादन करने के पूर्व पट्टेदार अपने स्वयं के व्यय पर ऐसे सीमा चिन्ह को और खम्बे को लगायेगा, जो पट्टा विलेख से संलग्न नक्शे में दर्शाये गये सीमांकन को इंगित करने के लिए आवश्यक होगा।

(6) पट्टा अभिलेख निष्पादन के दिनांक से छः माह के भीतर खनन संक्रियाएं प्रारम्भ करेगा और तत्पश्चात जानबूझकर कोई स्थगन किये बिना ऐसी खनन संक्रियाओं का संचालन उचित और दक्षतापूर्ण रीति से कुशल कारीगर की भॉति करेगा।

(7) पट्टा धारक नियम–35 के अनुसार वाहनों के प्रवेष व निकासी पर निगरानी के लिए स्वयं के व्यय पर 360 डिग्री कोण पर दृश्यता रिकार्डिग के योग्य चार सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगााने सहित चेक पोस्ट/गेट का निर्माण करेगा। पट्टाधारक उक्त चेक पोस्ट/गेट पर आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर भी रखेगा, जिससे सम्बनिधत खनन पट्टा क्षेत्र से उपखनिजों के परिवहन हेतु प्रयुक्त प्रत्येक यान के सापेक्ष निर्गत किये गये ई–प्रपत्र एम0एम–11 पर अंकित बार कोड का डाटा पढने और सुरक्षित रखने की सुविधा होगी और उसका समुचित रूप में रख रखाव करेगा और सदैव उसे चालू रूप से अनुरक्षित रखेगा। पट्टाधारक उक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे और आर0एफ0आई0डी0 स्कैनरों द्वारा की गयी समस्त रिकॉर्डिक को कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखेगा और नियम–66 के उपबन्धों के अधीन प्राधिकृत अधिकारी के रिकार्ड मॉगे जाने पर उक्त रिकार्डिग को उपलब्ध करायेगा।

(8) पट्टाधारक प्रत्येक वाहन को ई0–एम0एम–11 सही विवरण सहित जारी करेगा। प्रत्येक वाहनों को निर्गत ई–एम0एम0–11 पर जनित बार कोड को चेक गेट पर पढने तथा दर्ज डाटा सेव करने के लिये आर0एफ0आई0डी0 स्कैनर लगायेगा तथा सदैव उसका अनुरक्षण करेगा और उन्हे सही एवं चालू दशा में रखेगा। उक्त का अनुपालन न करने की दशा में नियमावली 1963 के नियम–59 के अन्तर्गत शास्ति का भागीदार होगा।

(9) पट्टेधारक द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास, बागपत के निर्धारित खाते में नियमानुसार देय धनराशि एवं रायल्टी के सापेक्ष आयकर के मद के टी0डी0एस0 जमा करना अनिवार्य होगा।

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

जिला खनिज अधिकारी
बागपत

M/s MALIKS
PARTNER

(10) उपखनिज का निकासी हेतु आवश्यक पहुँच मार्ग का निर्माण पट्टाधारक स्वयं के व्यय पर करेगा।

(11) पट्टेदार 03 मीटर की गहराई अथवा जलस्तर में से जो भी कम हो, से अधिक गहराई में खनन संक्रियाएं नही करेगा।

(12) जिलाधिकारी द्वारा चिन्हित सुरक्षा क्षेत्र में खनन नही किया जायेगा।

(13) नदी की जल धारा में सक्शन मशीन, लिफ्टर आदि मशीनों द्वारा खनन कार्य नही किया जायेगा।

(14) स्वीकृत क्षेत्र के अन्दर जहॉ परिवहन प्रपत्र निर्गत किया जायेगा, वहॉ पर खनिजो का विक्रय मूल्य प्रदर्शित करेगा।

(15) यदि पट्टाधारक द्वारा नियमों व खनन पट्टा, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र, खनन योजना आदि की शर्तो का उल्लघंन किया जाता है, तो पट्टेदार को अपना मामला बताने की युक्ति युक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात जिलाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा पट्टा समाप्त कियां जा सकता है।

(16) खनन/परिवहन में जन–धन की हानि की समस्त जिम्मेदारी पट्टेदार की होगा।

(17) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली–1963 के नियम–34 (6) के अन्तर्गत वित्तीय आश्वासन की रकम नियमानुसार जमा करेगा।

(18) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली–1963 के नियम–67 के अधीन भूमि के स्वामियों को प्रतिकार पाने का अधिकार होगा, जो भू–स्वामियों एवं पट्टेधारक के मध्य तय होगा।

(19) मा0 उच्च न्यायालय, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण अथवा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशो का पालन किया जायेगा।

(20) नियमों एवं शर्तो के उल्लघंन के परिणामस्वरूप यदि कोई वाद अथवा अपराधिक प्रक्रिया योजित होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पट्टाधारक की होगी एवं यदि इस सम्बन्ध में कोई व्यय होता है, तो उसका वहन पट्टाधारक द्वारा किया जायेगा।

(21) राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा यदि नियमों/अधिनियमों में कोई संशोधन होता है, अथवा कोई शर्त अथवा विधि प्रख्यापित की जाती है, तो वह पट्टाधारकों को मान्य होगा।

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

अधिकारी

(22) वन विभाग के पत्र संख्या : 4478/14–1 मेरठ दिनांक 01.03.2013 में इंगित शर्तो एवं समय–समय पर जारी शासनादेशो के पालन हेतु पट्टाधारक बाध्य होगा।

(23) सिचांई विभाग, ड्रेनेज खण्ड के पत्र संख्याः 439/बी0डी0एम0 खनन, मेरठ दिनांक 20.02.2010 में इंगित शर्तो के पालन हेतु पट्टाधारक बाध्य होगा।

(24) राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात प्राधिकरण के पत्र में इंगित शर्तो के पालन हेतु पट्टेधारक बाध्य होगा।

(25) प्रत्येक पट्टाधारक द्वारा वित्तीय आशसन दिया जायेगा। वित्तीय आश्वासन की रकम स्वस्थानें चट्टान किस्म की खनन के लिये पच्चीस हजार रूपये एवं बालू या मौरम या बजरी या बोल्डर या इनमें से कोई भी मिली–जुली अवस्था में हो और जो नदी तल में, खनन और सहबद्ध क्रिया कलापों के लिये प्रयोग में लाये गये खनन पट्टा क्षेत्र के प्रति एकड खान में अनन्य रूप से पायी जाती हो, के लिये पन्द्रह हजार रूपये होगी। तदापि उप नियम (7) में विनिर्दिष्ट प्रारूपों में से किसी में दी गयी वित्तीय श्रेणी की खानों या सम्बन्धित क्षेत्र के लिये दो लाख रूपये होगी।

प्रतिबन्ध यह है कि किसी पट्टाधारक से खनन और सहबद्ध क्रियाकलापों के क्षेत्र में वृद्धि के साथ वित्तीय आश्वासन की रकम बढाये जाने की अपेक्षा की जायेगी।

अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि जहॉ पट्टाधारक खान के उत्तरोत्तर बंद करने के भाग रूप में भूमि उद्वार और पुनर्वासन उपाय को हाथ में लेता है, वहॉ इस प्रकार खर्च की गई रकम की गणना पट्टाधारक द्वारा पहले से ही खर्च की गयी वित्तीय आश्वासन की राशि के रूप में की जायेगी और पट्टेदार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय आश्वासन की कुल रकम उस सीमा तक घटा दी जायेगी।

(26) वित्तीय आश्वासन या उसका कोई संशोधन निम्नलिखित प्रारूपों में से किसी एक में पट्टा विलेख निष्पादन के पूर्व पट्टेदार द्वारा यथास्थिति, जिलाधिकारी अथवा इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी की प्रस्तुत किया जायेगा :–

(क) किसी अनुसूचित बैक से प्रत्यय पत्र
(ख) अनुपालन या प्रतिभूति बंध पत्र
(ग) प्रतिभूति का कोई अन्य प्रारूप या सक्षम अधिकारी को स्वीकार्य कोई अन्य गारन्टी।

HSM HOLDINGS
PARTNER

खान अधिकारी
बागपत

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

जिलाधिकारी
बागपत

Annexure 12: Google Earth Imagery (Images 1-6)

Annexure-12

Image 1

1

Coordinates mentioned on EC granted by SEIAA, UP

Boundary drawn on the basis of pillars coordinates mentioned in the mining lease.

Image 2



Image 3

Zoom View of inside and outside lease mining area

Image 4



Image 5

Image 6

संयुक्त सीमांकन आख्या

अपरजिलाधिकारी (वि0/रा0) बागपत के पत्र सं0 1970/ख0लि0 दिनांक 05.02.2018 व भूवैज्ञानिक/प्रभारी अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म, क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद के आदेश दिनांक 06.02.2018 के अनुपालन में दिनांक 07.02.2018 व 08.02.2018 को ई–निविदा सह ई–नीलामी कर्ता मै0 एच0एस0एम0 होलडिंग, पता– नेहरू वार्ड, पिपरिया, जिला होशंगाबाद (म0प्र0) के पक्ष में स्वीकृत बालू खनन क्षेत्र ग्राम साकरौद खादर तहसील– खेकड़ा, जिला– बागपत के गाटा सं0– 620मि0 व 634मि0 रकबा 19.4200 हे0 का सीमांकन राजस्व विभाग व खनन विभाग द्वारा ई–निविदा सह ई–नीलामीकर्ता के प्रतिनिधि श्री ज्ञानवेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया है। सीमाबंधित क्षेत्र ABCDE रकबा 19.4200 हे0 को मानचित्र पर लाल रंग से रंजित किया गया है। ग्राम साकरौद खादर में स्थित अल्लीपुर बांध व उससे निकलने वाली सिंचाई विभाग की ठोकर के जंक्शन को सन्दर्भ बिन्दु लिया गया है। अल्लीपुर बांध को संदर्भित करते हुये उत्तर स्थापित किया गया है। मानचित्र की प्रति जिलाधिकारी कार्यालय, खनन अनुभाग, बागपत द्वारा उपलब्ध कराई गयी है व संदर्भ बिन्दु लेखपाल द्वारा चिन्हित किया गया है। चिन्हित किये गये संदर्भ बिन्दु से टोटल स्टेशन मशीन द्वारा क्षेत्र का सीमांकन किया गया। मौके पर चिन्हित किये गये सीमा स्तम्भ बिन्दुओं पर ई–निविदा सह ई–नीलामीकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर सीमा स्तम्भ लगाकर जिलाधिकारी कार्यालय खनन अनुभाग बागपत को लिखित रूप से सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त सीमांकन के GPS Coordinates निम्न प्रकार से है:–

A --	N -- 28^0	51'	27.91"
	E -- 77^0	12'	42.98"
B--	N -- 28^0	50'	59.90"
	E -- 77^0	12'	54.85"
C --	N -- 28^0	50'	57.15"
	E -- 77^0	12'	51.00"
D --	N -- 28^0	51'	03.57"
	E -- 77^0	12'	44.50"
E --	N -- 28^0	51'	24.90"
	E -- 77^0	12'	34.68"

आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अजीत कुमार श्रीवास्तव)
सर्वे लेखपाल
ग्राम साकरौद,

(इकबाल अहमद)
सर्वे कानूनगो
ग्राम साकरौद

08-2-2018
(शिव कुमार)
सर्वेक्षक
भूतत्व एव खनिकर्म विभाग,
कार्यालय, गाजियाबाद।

(अनुराग श्रीवास्तव)
सहायक भूवैज्ञानिक
बागपत

(ज्ञानवेन्द्र सिंह चौहान)
प्रतिनिधि
निविदाकर्ता

स्टाम्प शुल्क :– स्टाम्प शुल्क के प्रयोजन के लिए पट्टान्तरित भूमि से प्रत्याशित स्वामित्व की कुल धनराशि अंकन 618414396/– रूपये को अगले हजार में पूर्णांकित करते हुए अंकन 61,84,15,000/– रूपये पर उपनिबन्धक, खेकडा (बागपत) के पत्र सं0 14/ स0र0/खेकडा/2018 दिनांक 29.01.2018 के अनुसार 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अंकन 1,23,68,300/– रू0 एवं 2 प्रतिशत बागपत–बडौत –खेकडा विकास प्राधिकरण के विकास शुल्क के रूप में स्टाम्प शुल्क अंकन 1,23,68,300/– रू0 इस प्रकार कुल स्टाम्प शुल्क अंकन 2,47,36,600/– रूपये है।

इनके साक्ष्य के रूप में यह उपस्थापन–पत्र एतद्धीन आयी हुई रीति से ऊपर उल्लिखित दिनांक और वर्ष को निष्पादित किया गया है।

HSM HOLDINGS

पट्टेधारक द्वारा हस्ताक्षरित

जिलाधिकारी
बागपत
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के लिए और
उनकी ओर से

खान अधिकारी
बागपत

गवाह

1– हरिराम सिंह S/o हरफूल सिंह

पता– जम्बा-22 करनाल (हरियाणा)

2– सतपाल सिंह गुजराल S/o

पता– अजीत सिंह गुजराल R/o
ग्वालन वाई स्टेशन गंज
नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश)

प्रभारी अधिकारी (खनिज)
बागपत

संयुक्त पुनः सीमांकन आख्या

अपर जिला अधिकारी (वित्त/राज०) के पत्रांक - 731/ला०शि० - 1/एच०एम० होल्डिंग दिनांक - 10-12-2020 के क्रम में आप दिनांक- 08/01/2021 को ई० नीलामी हेतु मौ० एच०एस० एम० होल्डिंग पता नेहरू बाई सिपरिया स्टेट होशियारपुर पं० उ० के पक्ष में स्वीकृत बालू खनन परप मौ० ग्राम साकरोद खादर, तह० लेखा जिला बागपत के गाटा सं० 620मि व 634मि खसरा 19-4200 ई० का सीमांकन राजस्व विभाग व खनन विभाग एवं सर्वे विभाग द्वारा ई० नीलामी कर्ता के प्रतिनिधि की उपस्थिति में संयुक्त पत्रित खेतं रमा - 19-4200 ई० जो मूर्त के सीमांकित मानचित्र पर अंकित है को पुनः सत्यापित किया गया। ग्राम साकरोद खादर स्थित उक्त पुर बांध व उसमें निकलने वाली सिंचाई विभाग की डोकर के आसपास क्षेत्र सन्दर्भ बिन्दु मानते हुए इलेक्ट्रानिक थियोडोलाइट मशीन द्वारा ABCDE सीमा स्तम्भों को सेंसेरू, लेजपाल साकरोद, सर्वे लेजपाल साकरोद द्वारा पुनः स्थापित कराया गया। पूरे क्षेत्र को उपरोक्त सीमांकन अनुसार सीमांकन कराकर जिलाधिकारी कार्यालय बागपत को एक सप्ताह में संलिपि हल से मुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपरोक्त सीमांकन के GPS coordinates निम्न प्रकार हैं।-

A - N - 28° - 51' - 27.91"
E - 77° - 12 - 42.98"

B - N - 28° - 50' - 59.90"
E - 77° - 12 - 54.85"

C - N - 28° - 50' - 57.15"
E - 77° - 12' - 51.00"

D - N - 28° - 51' - 03.57"
E - 77° - 12' - 44.50"

E - N - 28° - 51' - 24.90"
E - 77° - 12' - 34.68"

आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. [illegible] राहुल शर्मा मौके
2. [illegible] रोशन कुमार (हल्का लेo केo) 08/01/2021 (सर्किल, रोहका, गाजि०) 08.01.2021 Mines Officer (विनोद कुमार)
3. [illegible] अमित मौके पर सर्वे लेo
4. [illegible] (इन्दर)
5. महेन्द्रा मिनरल्स [illegible] 08/01/2021 Sonu 8.01.2021 राघवेन्द्र सुवालका प्रबन्धक खनन, Sonu मेसर्स महेन्द्रा मिनरल्स एवं खनिज उद्योग, गाजियाबाद क्षेत्रीय कार्यालय
6. [illegible] Anurag Singh (Representative Jaipur Hotels)

it, the Senior Superintendent of Police, Baghpat (was) also